Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	21/08/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Level 01 Stage I 2025

Section : **General Science**

Q.1 एक घर में दो उपकरण हैं: एक हीटर और एक पंखा। हीटर का प्रतिरोध उच्च है, जबकि पंखे का प्रतिरोध निम्न है। यदि दोनों को समान वोल्टता आपूर्ति से जोड़ा जाता है, तो कौन-सा उपकरण अधिक धारा कर्षित करेगा और क्यों?

Ans
- ✔ A. पंखा अधिक धारा कर्षित करेगा क्योंकि इसका प्रतिरोध निम्न है।
- ✘ B. दोनों समान धारा कर्षित करेंगे क्योंकि वोल्टता समान है।
- ✘ C. इस स्थिति में धारा प्रतिरोध पर निर्भर नहीं करती है।
- ✘ D. हीटर अधिक धारा कर्षित करेगा क्योंकि इसका प्रतिरोध उच्च है।

Q.2 निम्नलिखित में से कौन-सा, दैनिक जीवन में स्कंदन (coagulation) का एक उदाहरण है?

Ans
- ✘ A. क्रोमैटोग्राफी का उपयोग करके वर्णकों को पृथक करना
- ✘ B. समुद्री जल से नमक निष्कर्षित करना
- ✘ C. जल और बालू के मिश्रण से बालू का निस्यंदन करना
- ✔ D. पनीर बनाने के लिए दूध में सिरका मिलाना

Q.3 अभिकथन (A) और कारण (R) से लेबलित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): शिराओं की भित्तियां, धमनियों की भित्तियों की तुलना में पतली होती हैं।
कारण (R): शिराएं उच्च दाब पर रूधिर का वहन करती हैं।

Ans
- ✘ A. A असत्य है, लेकिन R सत्य है
- ✘ B. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है
- ✔ C. A सत्य है, लेकिन R असत्य है
- ✘ D. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, मनुष्यों में धूम्रपान से श्वसन तंत्र के प्रभावित होने के कारण की सटीक व्याख्या करता है?

Ans
- ✘ A. निकोटीन विभिन्न ऊतकों तक ऑक्सीजन ले जाने की रक्त की क्षमता को बढ़ाता है
- ✔ B. धूम में मौजूद कार्बन मोनोऑक्साइड, हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर ऊतकों तक ऑक्सीजन के परिवहन को कम कर देता है
- ✘ C. धूम्रपान से एल्वियोली का पृष्ठीय क्षेत्रफल बढ़ जाता है, जिससे ऊतकों में गैसों का बेहतर विनिमय होता है
- ✘ D. तंबाकू में टार, एल्वियोली की भित्तियों को मजबूत बनाता है

Test
Prime
By Adda247
ALL EXAMS,
ONE SUBSCRIPTION
Test. Analyze. Improve. Repeat.
Don't just prepare.
Perform.
Test Prime – built only for mock tests.
Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed
Rating
Editors' choice
New
Mocks for Every Exam
Test. Analyze. Improve. Repeat.
All India Rankings
1,50,000+
Mock Tests
25,000+
Previous Year Papers
800+
Exam Covered
500%
Refund on Selection
5 lakh+
Free Quizzes
PDF
Daily
Free PDFs
Top Alerts
Stay Updated
WHY TEST PRIME?
Multilingual
Detailed Solution
Strong and Weak Areas
All India Rankings
Safe & Reliable
Trusted by Lakhs of Aspirants
Your Success, Our Mission
DOWNLOAD
TEST PRIME
Your Success Partner!
GET IT ON
Google Play
Download on the
App Store

Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Q.5 दिया गया है कि धातु X, $CuSO_4$ के साथ अभिक्रिया करता है लेकिन $FeSO_4$ के साथ अभिक्रिया नहीं करता है और धातु Y, $FeSO_4$ के साथ अभिक्रिया करता है लेकिन $ZnSO_4$ के साथ अभिक्रिया नहीं करता है, तो Zn, Fe, Cu, X, और Y की ह्रासमान अभिक्रियाशीलता (decreasing reactivity) का सही क्रम क्या है?

Ans
- ✗ A. Fe > X > Zn > Y > Cu
- ✗ B. Cu > X > Fe > Y > Zn
- ✓ C. Zn > Y > Fe > X > Cu
- ✗ D. Y > Zn > X > Fe > Cu

Q.6 दो भिन्न स्रोतों से प्राप्त जल के प्रतिदर्श में द्रव्यमान के अनुसार हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का अनुपात 1 : 8 पाया जाता है। यह प्रेक्षण किस नियम को दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. व्युत्क्रम अनुपात का नियम
- ✗ B. गुणित अनुपात का नियम
- ✗ C. द्रव्यमान संरक्षण का नियम
- ✓ D. स्थिर अनुपात का नियम

Q.7 कौन-सा समीकरण, धातुओं और उनके लवण विलयनों से शामिल विस्थापन अभिक्रिया को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

Ans
- ✓ A. $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$
- ✗ B. $Cu + ZnSO_4 \rightarrow CuSO_4 + Zn$
- ✗ C. $Au + FeSO_4 \rightarrow AuSO_4 + Fe$
- ✗ D. $Ag + MgSO_4 \rightarrow AgSO_4 + Mg$

Q.8 किसी शोधकर्ता को ऐसा पादप समूह मिलता है जिसे निषेचन के लिए जल की आवश्यकता नहीं है और इसमें ऐसे बीज हैं जो फलों में बंद नहीं होते हैं। किस पादप समूह का वर्णन किया जा रहा है?

Ans
- ✗ A. टेरिडोफाइट (Pteridophytes)
- ✗ B. आवृतबीजी (Angiosperms)
- ✓ C. अनावृतबीजी (Gymnosperms)
- ✗ D. ब्रायोफाइट (Bryophytes)

Q.9 उच्चतर पोषी स्तरों पर जैविक आवर्धन क्यों बढ़ता है?

Ans
- ✓ A. रसायन निम्नीकृत नहीं होते हैं और वे प्रत्येक पोषी स्तर पर संचित होते हैं
- ✗ B. रसायन निम्नीकृत होते हैं और वे केवल उच्चतर पोषी स्तरों पर ही संचित होते हैं
- ✗ C. प्रत्येक पोषी स्तर पर जलांश बढ़ता है
- ✗ D. खाद्य श्रृंखला में उच्चतर स्तरों पर ऊर्जा बढ़ती है

Q.10 एक नियत बल किसी वस्तु पर कार्य करता है और उसे बल की दिशा में गतिमान करता है। बल द्वारा किए गए कार्य की गणना किस प्रकार होगी?

Ans
- ✗ A. कार्य की गणना (बल + विस्थापन) द्वारा होगी
- ✗ B. कार्य की गणना (बल ÷ विस्थापन) द्वारा होगी
- ✓ C. कार्य की गणना (बल × विस्थापन) द्वारा होगी
- ✗ D. कार्य की गणना (बल × समय) द्वारा होगी

Q.11 एक दंत-चिकित्सक 20 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण का उपयोग करके एक मरीज के दांत की जांच करता है। यदि दांत, दर्पण से 5 cm की दूरी पर स्थित हो, तो उत्पन्न आवर्धन कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 0.5
- ✗ B. 0.75
- ✓ C. 1.33
- ✗ D. 1.67

Adda247

Q.12 न्यूटन के गति के तृतीय नियम के अनुसार, कौन-सी स्थिति एक क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म (action-reaction pair) को सही रूप से प्रदर्शित नहीं करती है?

Ans
- ✔ A. एक कार अपने इंजन के कारण त्वरित हो जाती है
- ✗ B. एक हथौड़ा, कील पर प्रहार करता है, कील, हथौड़े को वापस पीछे धकेलती है
- ✗ C. एक पैर गेंद को किक मारता है, गेंद पैर को वापस पीछे धकेलती है
- ✗ D. एक हाथ दीवार पर धक्का लगाता है, दीवार हाथ को वापस पीछे धकेलती है

Q.13 एक विद्यार्थी चार द्रवों का pH मापता है: नींबू-रस (2), साबुन विलयन (9), जल (7) और सिरका (3)। इनमें से कौन-सा द्रव सर्वाधिक क्षारकीय होगा?

Ans
- ✔ A. साबुन विलयन (9)
- ✗ B. जल (7)
- ✗ C. सिरका (3)
- ✗ D. नींबू-रस (2)

Q.14 निम्नलिखित में से किस पदार्थ की प्रतिरोधकता उच्चतम है?

Ans
- ✗ A. टंगस्टन
- ✔ B. मैंगनिन
- ✗ C. आयरन
- ✗ D. सिल्वर

Q.15 समजातीय श्रेणी के सभी सदस्यों में कौन-सी विशेषता समान होती है?

Ans
- ✗ A. उनका भौतिक गुणधर्म सर्वसम होता है
- ✗ B. उनका आण्विक सूत्र समान होता है
- ✔ C. उनका रासायनिक गुणधर्म सदृश होता है
- ✗ D. उनका आण्विक द्रव्यमान समान होता है

Q.16 कार्बन यौगिकों में योगज और प्रतिस्थापन अभिक्रिया के बीच मुख्य अंतर क्या है?

Ans
- ✔ A. योगज अभिक्रियाएं, अणु में परमाणुओं की संख्या में वृद्धि करती हैं
- ✗ B. योगज अभिक्रियाएं, केवल संतृप्त यौगिकों में होती हैं
- ✗ C. योगज अभिक्रियाएं, अणुओं से परमाणुओं को हटा देती हैं
- ✗ D. योगज अभिक्रियाएं, एक परमाणु को दूसरे परमाणु से प्रतिस्थापित करती हैं

Q.17 अवतल दर्पण में, मुख्य अक्ष के समांतर एक किरण आपतित होती है। परावर्तन के बाद, किरण ________ से होकर गुजरती है।

Ans
- ✔ A. फोकस
- ✗ B. दर्पण पर कहीं से भी
- ✗ C. ध्रुव
- ✗ D. वक्रता केंद्र

Q.18 यदि 2 kg की एक गेंद, जो प्रारंभ में विरामावस्था में है, को 8 N के बल से 5 सेकंड के लिए धकेला (पुश) जाता है, तो 5 सेकंड के अंत में उसका वेग कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 8 m/s
- ✗ B. 5 m/s
- ✗ C. 10 m/s
- ✔ D. 20 m/s

Adda247

Q.19 किसी एक समान कार्य को करने में विद्यार्थी A को 20 सेकंड लगते हैं, जबकि विद्यार्थी B को 40 सेकंड लगते हैं। A और B के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans

✔ A. विद्यार्थी A की शक्ति विद्यार्थी B की शक्ति से दोगुनी है।

✘ B. विद्यार्थी B ने अधिक कार्य किया है।

✘ C. विद्यार्थी B की शक्ति विद्यार्थी A की शक्ति से दोगुनी है।

✘ D. दोनों विद्यार्थियों के पास समान शक्ति है।

Q.20 उपकला ऊतक से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
कथन **A:** उपकला ऊतक की कोशिकाएं दृढ़ता से पैक होती हैं।
कथन **B:** रेशेदार आधार झिल्ली उपकला को अंतर्निहित ऊतक से अलग करती है।

Ans

✘ A. कथन A गलत है और कथन B सही है

✘ B. कथन A सही है और कथन B गलत है

✔ C. कथन A और कथन B दोनों सही हैं

✘ D. कथन A और कथन B दोनों गलत हैं

Q.21 एक तकनीशियन मध्य भारत में सौर ऊर्जा संयंत्र डिज़ाइन कर रहा है। संयंत्र की क्षमता की योजना बनाने के लिए सौर स्थिरांक का मान समझना आवश्यक है, क्योंकि ________।

Ans

✘ A. यह केवल वायुमंडलीय अवशोषण दिखाता है

✔ B. यह वायुमंडलीय हानि से पहले उपलब्ध ऊर्जा को इंगित करता है

✘ C. यह अधिकतम संभव तापमान प्रदान करता है

✘ D. यह सूर्य के प्रकाश की अवधि को मापता है

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
कथन I: सहसंयोजक आबंधों में परमाणुओं के बीच इलेक्ट्रॉन युग्मों का साझाकरण (sharing) होता है।
कथन II: सहसंयोजक आबंधन सामान्यतः धातुओं और अधातुओं के बीच होता है।

Ans

✘ A. केवल कथन II सही है

✘ B. कथन I और II दोनों सही हैं

✔ C. केवल कथन I सही है

✘ D. कथन I और II दोनों गलत हैं

Q.23 प्रकाश-संश्लेषण के दौरान प्रकाश को अवशोषित करने के लिए कौन-सा वर्णक उत्तरदायी होता है?

Ans

✘ A. किरेटिन (Keratin)

✔ B. क्लोरोफिल (Chlorophyll)

✘ C. ऐन्थोसाएनिन (Anthocyanin)

✘ D. कैरोटीन (Carotene)

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएं मृदूतक (parenchyma) की कोशिकाओं के लिए सही हैं?

Ans

✘ A. जीवित, अंतरकोशिकीय स्थान के बिना शिथिल रूप से व्यवस्थित

✘ B. मृत, दीर्घ अंतरकोशिकीय (intercellular) स्थान के साथ शिथिल रूप से व्यवस्थित

✔ C. जीवित, दीर्घ अंतरकोशिकीय स्थान के साथ शिथिल रूप से व्यवस्थित

✘ D. मृत, अंतरकोशिकीय स्थान के बिना शिथिल रूप से व्यवस्थित

Q.25 एक फोटोग्राफर 12 cm की फोकस दूरी वाले अवतल लेंस का उपयोग करता है। वस्तु को लेंस से 18 cm की दूरी पर रखा गया है। चिह्न परिपाटी का उपयोग करते हुए, प्रतिबिंब दूरी (v) की गणना कीजिए।

Ans

✔ A. -7.2 cm

✘ B. +36 cm

✘ C. +7.2 cm

✘ D. -36 cm

Adda247 GET IT ON Google Play

Section : **Mathematics**

Q.26 यदि माता की वर्तमान आयु का दो गुना, उसकी पुत्री की आयु के नौ गुना से 27 वर्ष अधिक है, और पुत्री की आयु का पांच गुना, माता की आयु से 8 वर्ष कम है, तो माता और पुत्री की आयु में अंतर (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 47
- ✓ B. 52
- ✗ C. 49
- ✗ D. 57

Q.27 किसी समानुपात में, प्रथम, द्वितीय और तृतीय समानुपाती क्रमशः 6, 24 और 11 है। यदि चतुर्थानुपाती $(x^2 - 7x)$ है, तो x का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 28
- ✗ B. 4
- ✗ C. 44
- ✓ D. 11

Q.28 $\frac{2^4 \times 3^{-3} \times 9^3}{6^2 \times 3^{-1}}$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
- ✓ A. 36
- ✗ B. 18
- ✗ C. 48
- ✗ D. 24

Adda247

Q.29 दिए गए दंड आरेख में वर्ष 2015 से 2019 तक दो अलग-अलग ग्रीष्मकालीन शिविरों: सनशाइन और आर्यन में प्रतिवर्ष नामांकित विद्यार्थियों की कुल संख्या को दर्शाया गया है।



वर्ष 2016 से 2019 तक सनशाइन में नामांकित विद्यार्थियों की कुल संख्या, वर्ष 2018 और 2019 में आर्यन में नामांकित विद्यार्थियों की कुल संख्या से कितने प्रतिशत अधिक है? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✗ A. 22.51%
- ✓ B. 20.51%
- ✗ C. 23.56%
- ✗ D. 21.81%

Q.30 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।
$(\mathrm{cosec}\theta + \cot\theta) \times (1 - \cos\theta)$

Ans
- ✗ A. $\cot\theta$
- ✗ B. $\cos\theta$
- ✓ C. $\sin\theta$
- ✗ D. $\tan\theta$

Q.31 त्रिभुज ABC की भुजाओं AB और AC के मध्यबिंदु क्रमशः X और Y हैं। यदि BC = 9 cm, AB = 11 cm और AC = 14 cm है, तो समलंब चतुर्भुज XBCY के परिमाप और त्रिभुज ABC के परिमाप और त्रिभुज AXY के परिमाप का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 17 : 26 : 34
- ✗ B. 34 : 17 : 26
- ✓ C. 26 : 34 : 17
- ✗ D. 26 : 17 : 34

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.32 किसी धनराशि पर 5% वार्षिक दर से 3 वर्षों का साधारण ब्याज ₹1,200 है। यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित हो, तो समान धनराशि पर समान दर से समान अवधि के लिए चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹1,612
- ✗ B. ₹1,216
- ✓ C. ₹1,261
- ✗ D. ₹1,621

Q.33 अरविंद ने एक वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 15 % की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹122 खर्च किए और इसे मीनू को 50% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1968 में खरीदा, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1600
- ✓ B. 1400
- ✗ C. 1200
- ✗ D. 1800

Q.34 एक शंकु की ऊंचाई और तिर्यक ऊंचाई क्रमशः 12 cm और 19 cm है। शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
- ✗ A. 2719 cm^3
- ✗ B. 2738 cm^3
- ✓ C. 2728 cm^3
- ✗ D. 2726 cm^3

Q.35 दो पाइप, A और B, एक खाली पानी की टंकी को क्रमशः 40 और 50 मिनट में भर सकते हैं। पाइप A को खोला जाता है और 15 मिनट बाद पाइप B को भी खोल दिया जाता है। दोनों पाइपों द्वारा टंकी को शुरूआत से भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. $18\frac{8}{9}$ मिनट
- ✗ B. $23\frac{4}{9}$ मिनट
- ✓ C. $28\frac{8}{9}$ मिनट
- ✗ D. $24\frac{5}{9}$ मिनट

Q.36 किन्हीं आंकड़ो का माध्य 33 है और माध्यिका 37 है। आंकड़ो का बहुलक (आनुभविक संबंध का उपयोग करके) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 108
- ✗ B. 58
- ✗ C. 16
- ✓ D. 45

Q.37 एक व्यक्ति स्थिर जल में 9.5 km/h की चाल से नाव चला सकता है। जब नदी 2 km/h की चाल से बहती है, तो उसे नाव चलाकर एक निश्चित स्थान तक जाने और वापस आने में 4 घंटे लगते हैं। वह निश्चित स्थान कितनी दूर है? (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✗ A. 15.06 km
- ✗ B. 16.08 km
- ✓ C. 18.16 km
- ✗ D. 17.12 km

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.38 $\frac{\sin\theta - \cos\theta + 1}{\sin\theta + \cos\theta - 1}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. cot θ + cosec θ
- ✗ B. tan θ − sec θ
- ✗ C. cot θ − cosec θ
- ✓ D. sec θ + tan θ

Q.39 19 और 57 के महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) का योगफल क्या है?

Ans
- ✗ A. 95
- ✗ B. 57
- ✗ C. 66
- ✓ D. 76

Q.40 शीला की मासिक आय ₹48,000 है। वह अपनी आय का 75% व्यय करती है और शेष की बचत करती है। यदि उसके व्यय में 10% की वृद्धि होती है, तो उसकी नई मासिक बचत (₹ में) क्या होगी?

Ans
- ✗ A. 12,000
- ✗ B. 10,800
- ✓ C. 8,400
- ✗ D. 9,600

Q.41 यदि दशमलव संख्या $0.15\overline{201}$ को $\frac{a}{b}$ के रूप में व्यक्त किया जा सकता है जहाँ a और b सह-अभाज्य संख्याएँ हैं, तो $\sqrt{b - a + 281}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 98
- ✗ B. 145
- ✗ C. 105
- ✓ D. 120

Q.42 यदि 35 मशीनें 24 दिनों में एक निश्चित संख्या में वस्तुएं बना सकती हैं, तो 14 दिनों में उतनी ही वस्तुएं बनाने के लिए कितनी मशीनों की आवश्यकता होगी?

Ans
- ✗ A. 58 मशीनें
- ✓ B. 60 मशीनें
- ✗ C. 62 मशीनें
- ✗ D. 61 मशीनें

Q.43 एक लैपटॉप को अंकित मूल्य पर 25% और 20% की दो क्रमिक छूट के बाद ₹45,000 में बेचा जाता है। लैपटॉप का मूल अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹78,000
- ✓ B. ₹75,000
- ✗ C. ₹68,000
- ✗ D. ₹72,000

Q.44 यदि किसी बेलन की ऊंचाई दोगुनी कर दी जाए और त्रिज्या आधी कर दी जाए, तो उसके आयतन में मूल आयतन की तुलना में क्या परिवर्तन होगा?

Ans
- ✗ A. मूल आयतन का दोगुना हो जाएगा
- ✗ B. समान रहेगा
- ✗ C. मूल आयतन का एक-चौथाई हो जाएगा
- ✓ D. मूल आयतन का आधा हो जाएगा

Q.45 दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 8.5% वार्षिक दर पर ऋण प्रदान किए। अक्षय ने प्रत्येक बैंक से ₹4,60,000 की धनराशि का ऋण लिया। 3 वर्ष के पश्चात अक्षय द्वारा दोनों बैंकों को चुकाए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच का धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 70,500
- ✓ B. 69,000
- ✗ C. 70,000
- ✗ D. 68,500

Q.46 24 से शुरू होने वाले प्रथम 8 क्रमागत सम संख्याओं का औसत कितना है?

Ans
- ✗ A. 32
- ✗ B. 33
- ✗ C. 30
- ✓ D. 31

Q.47 एक ट्रेन, एक कार से 20% तेज चलती है। दोनों एक ही बिंदु से एक साथ चलना शुरू करती हैं और 72 km की दूरी तय करती हैं। ट्रेन रास्ते में कुल 12 मिनट रुकती है, लेकिन फिर भी कार के समय पर ही गंतव्य तक पहुंचती है। कार की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 62 km/hr
- ✗ B. 65 km/hr
- ✗ C. 70 km/hr
- ✓ D. 60 km/hr

Q.48 ₹25,000 की राशि 1 वर्ष में ₹29,160 हो जाती है, जब ब्याज को अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है। यदि ब्याज दर समान रहती है, तो वार्षिक रूप से संयोजित होने पर 1 वर्ष में ₹18,000 पर कितना ब्याज अर्जित किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. ₹3,080
- ✗ B. ₹1,440
- ✗ C. ₹1,760
- ✓ D. ₹2,880

Q.49 किरन का मासिक वेतन ₹15,000 है। वह प्रत्येक माह घर के किराए पर ₹5,500 और यूटिलिटी बिलों पर ₹3,000 का व्यय करता है तथा शेष राशि की बचत करता है। यदि, अपने जन्मदिवस वाले महीने के दौरान, वह अपनी संपूर्ण मासिक बचत अपने जन्मदिवस के उत्सव पर व्यय कर देता है, तो वर्ष के लिए उसकी कुल बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 78,000
- ✓ B. 71,500
- ✗ C. 58,500
- ✗ D. 65,000

Q.50 निम्नलिखित बारंबारता बंटन की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

x	1	2	3	4	5	6	7
f	8	10	11	16	20	25	15

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 6
- ✗ C. 4
- ✓ D. 5

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Adda247 | GET IT ON Google Play

Q.51 उस युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समूह द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
WAR : DHY
KTM : RAT

Ans
✗ A. GEO : ZLU
✓ B. NHR : UOY
✗ C. NSP : UYI
✗ D. FBI : MIB

Q.52 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

प्रश्न:
अजीत, बीना, चिप, डोरा और एली, एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। चिप के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

कथन:
(I) बीना, चिप के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठी है। अजीत, बीना के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
(II) बीना, डोरा के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठी है। एली, बीना के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

Ans
✗ A. केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
✗ B. कथन I और II (और केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
✗ C. कथन I और II में दी गई जानकारी संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
✓ D. केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

Q.53 यदि संख्या 5236587452 के प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाता है और इसके प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाता है, तो इस प्रकार निर्मित नई संख्या में बाईं ओर से दूसरे और दाईं ओर से दूसरे अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
✓ A. 6
✗ B. 4
✗ C. 3
✗ D. 5

Q.54 शब्द "FARMING" में अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार, यदि प्रत्येक स्वर को अगले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को पिछले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में बाएं से चौथे स्थान पर कौन-सा अक्षर होगा?

Ans
✗ A. E
✗ B. Q
✗ C. J
✓ D. L

Q.55 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

22 28 35 43 52 ?

Ans
✗ A. 60
✓ B. 62
✗ C. 63
✗ D. 72

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.56	निम्नलिखित प्रश्न में, प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर निर्धारित कीजिए। 5 वृक्षों L, M, O, P और Q में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, तो कौन-सा वृक्ष सबसे छोटा है? (I) L, M से छोटा है लेकिन Q से लंबा है। O, Q से लंबा है। (II) P केवल एक वृक्ष से लंबा है।	
Ans	✔ A. कथन I और II दोनों में दी गई जानकारी संयुक्त रूप से (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। ✘ B. कथन I और II दोनों में दी गई जानकारी संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। ✘ C. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। ✘ D. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।	
Q.57	निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (नोट: सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (बाएं) 8 6 – 4 1 α 3 2 # 3 * 9 $ + 4 1 Ω 7 (दाएं) यदि श्रृंखला से सभी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित प्रतीकों में से कौन-सा दाएं से तीसरा होगा?	
Ans	✘ A. * ✘ B. α ✔ C. $ ✘ D. #	
Q.58	प्रणव अपनी कक्षा में शीर्ष से 24वें स्थान पर है और नीचे से 13वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?	
Ans	✘ A. 38 ✘ B. 35 ✘ C. 37 ✔ D. 36	
Q.59	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)	
Ans	✘ A. SUW ✔ B. MRV ✘ C. CEG ✘ D. GIK	
Q.60	निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है। (नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (बाएं) 8 3 6 1 5 4 7 9 2 3 8 5 1 4 6 9 2 7 3 8 5 1 4 6 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?	
Ans	✘ A. 5 ✘ B. 2 ✘ C. 4 ✔ D. 3	

Q.61 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 147 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 19 का संबंध 364 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 14 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✔ A. 199
- ✘ B. 211
- ✘ C. 168
- ✘ D. 203

Q.62 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
और A < B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

यदि 'C # D < S + T @ Y' है, तो C का Y से क्या संबंध है?

Ans
- ✔ A. पत्नी के पिता की माता
- ✘ B. पत्नी के पिता के पिता
- ✘ C. पत्नी के पिता का भाई
- ✘ D. पत्नी के पिता की बहन

Q.63 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 903, 671, 245, 381, 792 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

सबसे छोटी संख्या के पहले अंक और सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✘ A. 6
- ✘ B. 8
- ✔ C. 5
- ✘ D. 7

Q.64 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
नोट: सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं)
(बाएं) 4 5 6 9 1 6 1 9 5 5 8 8 5 9 5 7 1 5 7 8 5 3 5 4 3 2 9 4 6 6 (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है और ठीक बाद एक विषम अंक है?
(नोट: 1 भी पूर्ण वर्ग है)

Ans
- ✘ A. दो
- ✔ B. एक
- ✘ C. चार
- ✘ D. तीन

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित शृंखला में ? के स्थान पर क्या आएगा?
XVRU, ARSS, ?, GJUO, JFVM

Ans
- ✘ A. DNQT
- ✘ B. DQNT
- ✔ C. DNTQ
- ✘ D. DTNQ

Q.66 आठ मित्र करण, शिव, दीप्ति, ऋचा, माही, परी, सोनिका और भानू एक गोल मेज के परति: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। ऋचा, दीप्ति के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। परी, शिव के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। करण, दीप्ति के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। सोनिका, करण के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। शिव, दीप्ति के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। माही, करण की निकटतम पड़ोसी नहीं है। माही के बाईं ओर से गिनने पर माही और करण के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.67 P, Q, R, S, T, U, और V, में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
V की परीक्षा गुरुवार को है। T और P के बीच ठीक 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। R की परीक्षा S से ठीक पहले है। U की परीक्षा शुक्रवार को नहीं है। T की परीक्षा S के बाद नहीं है।
S और U के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
- ✓ A. 3
- ✗ B. 2
- ✗ C. 4
- ✗ D. 1

Q.68 शब्द BRIDGE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस तरह बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में कौन-सा अक्षर अंतिम स्थान पर होगा?

Ans
- ✗ A. F
- ✗ B. D
- ✗ C. A
- ✓ D. Q

Q.69 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. GE–ZX
- ✗ B. QO–JH
- ✗ C. CA–VT
- ✓ D. YW–QR

Q.70 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
: HGH :: RQR : %

Ans
- ✗ A. # = FEE , % = SRS
- ✓ B. # = FEF , % = TST
- ✗ C. # = FEF , % = TRU
- ✗ D. # = FGH , % = TST

Q.71 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
: MIE :: FBX : %

Ans
- ✓ A. # = QMI , % = BXT
- ✗ B. # = QMH , % = AWS
- ✗ C. # = QMI , % = BWU
- ✗ D. # = QOK , % = BXT

Q.72 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S + A @ E – R % N' है, तो S का N से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पिता का भाई
- ✗ B. भाई
- ✗ C. पति
- ✓ D. पिता के भाई का पुत्र

Q.73 मनु, बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पूर्व की ओर 21 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 20 km ड्राइव करता है। वह फिर दाएं मुड़ता है और 23 km ड्राइव करता है, फिर वह दाएं मुड़ता है और 25 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 8 km, दक्षिण की ओर
- ✓ B. 5 km, दक्षिण की ओर
- ✗ C. 7 km, दक्षिण की ओर
- ✗ D. 6 km, दक्षिण की ओर

Q.74 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंकों वाली पांच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 594 307 821 476 653 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

समूह में सभी विषम संख्याओं के पहले अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 19
- ✓ B. 17
- ✗ C. 13
- ✗ D. 15

Q.75 शुभम अपनी कक्षा में शीर्ष से 29वें स्थान पर है और नीचे से 17वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 44
- ✓ B. 45
- ✗ C. 46
- ✗ D. 47

Q.76 यदि संख्या 631576454587 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से दूसरे अंक और दाईं ओर से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 10
- ✗ B. 9
- ✗ C. 7
- ✗ D. 8

Q.77 निम्नलिखित प्रश्न में, प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन करें और उचित उत्तर का चयन करें।
पांच वृक्षों, N, O, R, S और T में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, तो कौन-सा वृक्ष सबसे छोटा है?
(I) O, T से छोटा है परंतु S से लंबा है।
(II) O, R से छोटा है। N, S से लंबा है।

Ans
✗ A. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
✓ B. कथन I और II दोनों एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
✗ C. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
✗ D. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

Q.78 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

214 ÷ 28 × 7 + 12 - 11 = ?

Ans
✗ A. 85
✗ B. 83
✓ C. 86
✗ D. 81

Q.79 छह मित्र A, B, C, D, E और F, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। F और D के बीच केवल B बैठा है। F, दाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। E, F के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। A, E के बाएं किसी स्थान पर बैठा है। A के दाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ A. D
✗ B. F
✗ C. B
✓ D. C

Q.80 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 10 का संबंध 110 से है। उसी तर्क के अनुसार, 15 का संबंध 240 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 17 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की ही जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करना अनुमत नहीं है।)

Ans
✗ A. 324
✗ B. 342
✓ C. 306
✗ D. 323

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 अप्रैल 2026 में, ग्रामीण भारत की दस लाख महिलाओं को डिजिटल इकोसिस्टम में सुरक्षित रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए C-DAC, हैदराबाद और रिलायंस फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए साइबर सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्या नाम था?

Ans
✗ A. सेफनेट वुमन (SafeNet Women)
✗ B. डिजिटल सुरक्षा अभियान (Digital Suraksha Abhiyan)
✗ C. साइबर सखी भारत (Cyber Sakhi Bharat)
✓ D. ई-सेफहर (e-SafeHER)

Q.82 मई 2026 में, DRDO की किस प्रयोगशाला ने, एक्टिवली कूल्ड फुल स्केल स्क्रैमजेट कंबस्टर (Actively Cooled Full Scale Scramjet Combustor) का सफल दीर्घावधि परीक्षण किया, जिसने हाइपरसोनिक मिसाइल के विकास में एक बड़ी सफलता को चिह्नित किया?

Ans
✗ A. अनुसंधान केन्द्र इमारत (Research Centre Imarat - RCI)
✗ B. वैमानिक विकास प्रतिष्ठान (Aeronautical Development Establishment - ADE)
✓ C. रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला (Defence Research & Development Laboratory - DRDL)
✗ D. रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला (Defence Electronics Research Laboratory - DLRL)

Q.83 QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संस्थान, 2025 की 150वीं रैंक से सुधार करके 123वीं रैंक प्राप्त करके वैश्विक स्तर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाला भारतीय संस्थान बना?

Ans
- ✔ A. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (IIT दिल्ली)
- ✘ B. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU)
- ✘ C. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई (IIT मुंबई)
- ✘ D. भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु (IISc बेंगलुरु)

Q.84 महाराष्ट्र उपचुनाव 2026 में, राहुरी (Rahuri) सीट से कौन विजयी रहे?

Ans
- ✘ A. सुनील तटकरे
- ✘ B. देवेंद्र फडणवीस
- ✔ C. अक्षय कार्डिले
- ✘ D. शरद पवार

Q.85 पटना में मार्च 2026 की बैठक के दौरान RBI के केंद्रीय निदेशक मंडल ने किस रणनीतिक फ्रेमवर्क को मंजूरी दी?

Ans
- ✘ A. उत्कर्ष 2.0
- ✘ B. भुगतान विजन 2025
- ✘ C. वित्तीय समावेशन हेतु राष्ट्रीय रणनीति (2026-29)
- ✔ D. उत्कर्ष 3.0

Q.86 मई 2026 में, निम्नलिखित में से किस अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल इवेंट में भारत की पुरुष टीम ने इंग्लैंड में अफ्रीका और कैरेबियाई टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा की?

Ans
- ✘ A. किंग्स कप (King's Cup)
- ✔ B. यूनिटी कप (Unity Cup)
- ✘ C. मेर्डेका टूर्नामेंट (Merdeka Tournament)
- ✘ D. इंटर कॉन्टिनेंटल कप (Inter Continental Cup)

Q.87 हॉकी इंडिया के आठवें वार्षिक पुरस्कारों में किस भारतीय हॉकी खिलाड़ी को मेन्स प्लेयर ऑफ़ द ईयर घोषित किया गया?

Ans
- ✘ A. मनदीप सिंह
- ✘ B. विवेक सागर प्रसाद
- ✘ C. हरमनप्रीत सिंह
- ✔ D. हार्दिक सिंह

Q.88 भारत ने नवंबर 2025 में, नई दिल्ली में किस अंतरराष्ट्रीय मंच की मेजबानी की, जिसमें उसने "समावेशी आपदा जोखिम डेटा गवर्नेंस" और आपदा सहनशीलता के लिए क्षेत्रीय सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की?

Ans
- ✘ A. विश्व आर्थिक मंच (WEF)
- ✔ B. आपदा सूचना प्रबंधन के विकास के लिए एशियाई और प्रशांत केंद्र (APDIM)
- ✘ C. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC)
- ✘ D. आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (CDRI)

Q.89 भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) द्वारा मार्च 2026 में लॉन्च की गई 'मूनशॉट (Moonshot)' परियोजना का मुख्य उद्देश्य किस तकनीक को विकसित करना है?

Ans
- ✔ A. मस्तिष्क सह-प्रोसेसर
- ✘ B. क्वांटम संचार सैटेलाइट
- ✘ C. AI-संचालित ह्यूमनॉइड रोबोट
- ✘ D. पुनः प्रयोज्य लॉन्च व्हीकल

Q.90	भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2026 में किस राज्य में केन्स सेमीकॉन प्लांट (Kaynes Semicon Plant) का उद्घाटन किया?
Ans	✗ A. आंध्र प्रदेश ✗ B. उत्तर प्रदेश ✓ C. गुजरात ✗ D. कर्नाटक

Q.91	2026 में लेखक यांग शुआंग-ज़ी (Yang Shuangzi) और अनुवादक लिन किंग (Lin King) को उपन्यास 'ताइवान ट्रैवलॉग (Taiwan Travelogue)' के लिए संयुक्त रूप से कौन-सा साहित्यिक पुरस्कार प्रदान किया गया था, जो यह सम्मान पाने वाली मैंडरिन चीनी में मूल रूप से लिखी गई पहली कृति है?
Ans	✗ A. पुलित्जर प्राइज फॉर फिक्शन (Pulitzer Prize for Fiction) ✗ B. नोबेल प्राइज इन लिटरेचर (Nobel Prize in Literature) ✓ C. इंटरनेशनल बुकर प्राइज (International Booker Prize) ✗ D. वुमेन्स प्राइज फॉर फिक्शन (Women's Prize for Fiction)

Q.92	जनवरी 2026 में, भारत में किस व्यक्तित्व के जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया?
Ans	✓ A. स्वामी विवेकानंद ✗ B. महात्मा गांधी ✗ C. रवींद्रनाथ टैगोर ✗ D. सुभाष चंद्र बोस

Q.93	केंद्रीय बजट 2026–27 में PMAY-G के लिए वर्धित आवंटन का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से किसका समर्थन करना है?
Ans	✗ A. डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को बढ़ावा देना ✗ B. ग्रामीण रेलवे अवसंरचना का विस्तार ✗ C. कृषि बाजारों का आधुनिकीकरण ✓ D. योग्य ग्रामीण परिवारों के लिए पक्के मकानों का निर्माण

Q.94	2025–26 तक भारत के राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?
Ans	✗ A. शहरी क्षेत्रों में सभी डीजल संचालित सार्वजनिक परिवहन पर प्रतिबंध लगाना ✗ B. घरेलू बिजली खपत पर कार्बन कर लागू करना ✓ C. लक्षित शहरों में PM10 सांद्रता में 40% तक की कमी प्राप्त करना ✗ D. देश भर के तापीय बिजली संयंत्रों को जलविद्युत स्टेशनों से प्रतिस्थापित करना

Q.95	भारत के किस राज्य ने फरवरी, 2026 में स्पेसएक्स के स्टारलिंक (SpaceX's Starlink) के साथ अपने दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों में उच्च-स्पीड वाला सैटेलाइट इंटरनेट प्रदान करने के लिए आशय-पत्र (LoI) पर हस्ताक्षर किए?
Ans	✓ A. गुजरात ✗ B. महाराष्ट्र ✗ C. राजस्थान ✗ D. ओडिशा

Q.96	मई 2026 में आयोजित हुई 29वीं नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप (29th National Federation Senior Athletics Championships) कहां आयोजित हुई थी?
Ans	✗ A. भुवनेश्वर ✗ B. पटियाला ✗ C. पटना ✓ D. रांची

Adda247

Test
Prime
By Adda247
PREVIOUS YEAR PAPERS PDF
PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!
PDF
Free
25,000+
PDF's
High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly
ATTEMPT AS
MOCK
Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.
Previous Year Papers PDF
Search
Banking
JAIIB & CAIIB
SSC
Railways
April 2026
11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
February 2026
22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...
Topic-wise & Exam-wise PDFs
Download & Study Offline
Attempt as Mock & Track Score
Smart Analysis & Performance
AVAILABLE IN
Banking
SSC
Railway
Teaching
UGC
Agriculture
Nursing
Bihar
UP
Punjab
WB
Odisha
TN
AP & Telangana
Haryana
DOWNLOAD TEST PRIME

Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVIL)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.97 मई 2026 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?

Ans
- ✗ A. डॉ. जितेंद्र सिंह
- ✗ B. सुधीर गुप्ता
- ✗ C. ओम बिड़ला
- ✓ D. मेधा विश्राम कुलकर्णी

Q.98 ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पार्क में आयोजित फाइनल में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका (Aryna Sabalenka) को हराकर, 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन विमेंस सिंगल्स टूर्नामेंट की चैंपियन निम्नलिखित में से कौन बनी?

Ans
- ✗ A. कोको गॉफ (Coco Gauff)
- ✗ B. इगा स्वियाटेक (Iga Świątek)
- ✓ C. एलेना रायबाकिना (Elena Rybakina)
- ✗ D. मिरा एंड्रीवा (Mirra Andreeva)

Q.99 अप्रैल 2026 में, संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 में लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या को निम्नलिखित में से किस सीमा तक बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया था?

Ans
- ✗ A. केंद्र शासित प्रदेशों सहित 950 सदस्य
- ✗ B. केंद्र शासित प्रदेशों सहित 650 सदस्य
- ✓ C. केंद्र शासित प्रदेशों सहित 850 सदस्य
- ✗ D. केंद्र शासित प्रदेशों सहित 750 सदस्य

Q.100 मार्च 2026 में, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) की केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) कोर्ट ने ________ के अपराधिक संधारण और व्यापार से जुड़े वन्यजीव तस्करी के एक अहम मामले में छह प्राइवेट व्यक्तियों को दोषी ठहराया और उन्हें दो वर्ष का कारावास और प्रत्येक व्यक्ति पर ₹10,000 का जुर्माना लगाया।

Ans
- ✗ A. बाघ और गैंडे के अंग
- ✗ B. सियार और हाथी के अंग
- ✗ C. शेर और गैंडे के अंग
- ✓ D. बाघ और तेंदुए के अंग

"

Adda247